दूरभाष सं0 05852–223112
upjnrhardoi@upjn.co.in

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।

पत्रांक : 2734 / नि-3 /20 दिनांक : 25 / 05 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **वेब मीडिया दैनिक भास्कर पर दिनांक 22.05.2026 को ''जल मिशन शक्ति योजना फेल, 1000 लोग पानी से प्रभावित : साण्डी के छीतेपुर मजरा में घरों तक नहीं पहुंचा पानी, समाधान की मांग'' शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वेब मीडिया दैनिक भास्कर पर दिनांक 22.05.2026 को '' जल मिशन शक्ति योजना फेल, 1000 लोग पानी से प्रभावित : साण्डी के छीतेपुर मजरा में घरों तक नहीं पहुंचा पानी, समाधान की मांग'' शीर्षक से प्रकाशित खबर का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर विकास खण्ड साण्डी में कराये जा रहे आदमपुर ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्यों से सम्बन्धित है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड साण्डी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आदमपुर ग्रामीण पेयजल योजना (फेज–3) स्वीकृत है जिसमें 04 मजरें (आदमपुर, छीतेपुर, बुढ़िया एवं लडैतापुर) सम्मिलित है। उक्त योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाशय, 01 नग सोलर सिस्टम, 13.66 किमी. वितरण प्रणाली, 843 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष प्रगति निम्नानुसार है :–

- नलकूप : 01 नग पूर्ण
- पम्प हाउस : 01 नग पूर्ण
- अवर जलाशय : 01 नग पूर्ण
- सोलर सिस्टम : 01 नग पूर्ण
- वितरण प्रणाली : 13.66 किमी0 पूर्ण
- पेयजल गृह संयोजन : 843 नग पूर्ण

योजनान्तर्गत सम्मिलित कुल 04 मजरों में नियमित क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। मजरा छीतेपुर में पेयजल के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि लगभग 20 घर ऊँचाई पर स्थिति होने के कारण पेयजलापूर्ति कम प्रेशर से हो रही है जिसके सम्बन्ध में स्लूस वाल्व लगाकर पर्याप्त प्रेशर से जलापूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है।






अतः आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय
24/05/2026
(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला सूचना अधिकारी, हरदोई।
5. श्री ब्रजभान प्रताप सिंह, सहायक अभियन्ता/श्री संदीप कुमार शुक्ला, इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि योजनान्तर्गत निर्बाध पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
6. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हरदोई को इस निर्देश के साथ कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत समस्त योजनाओं से नियमित क्लोरीन युक्त जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई ।

अधिशासी अभियन्ता